| दिनांक 01.10.2023 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 01/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुलिस मुख्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनॉकः 01.10.2023 को पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार परिसर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत **स्वच्छता ही सेवा** पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले **एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए श्रमदान** कार्यक्रम के क्रम में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय के विभिन्न इकाईयों के कार्मिको द्वारा श्रमदान कर कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई की गयी।

उक्त स्वच्छता अभियान में पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस, पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था/अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया गया।





## जनपद मुरादाबाद/थाना सिविल लाइन्स

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 01.10.2023 को थाना सिविल लाइन्स पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त उमेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना सिविल लाइन्स में धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिविल लाइन्स पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–उमेश कुमार निवासी फौलादपुर थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।

## जनपद बागपत/थाना रमाला

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **07 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 57 हजार 700 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 30.09.2023 को थाना रमाला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 07 अभियुक्तों 1–मुस्कान 2–रिजवान 3–साहिल 4–शाहरूख 5–साकिर 6–वकील 7–लुकमान को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 57 हजार 700 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.09.2023 को थाना रमाला क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रमाला पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना रमाला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मुस्कान निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत।

2—रिजवान निवासी असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

3—साहिल निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत।

4—शाहरूख निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत।

5—साकिर निवासी असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

6—वकील निवासी असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

7—लुकमान निवासी असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1—लूट के 01 लाख 57 हजार 700 रूपये नगद।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद बरेली/थाना कोतवाली

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 01 लाख 87 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 30.09.2023 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मठ चौकी के पास से अभियुक्त विश्वनाथ उर्फ विष्णु को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 01 लाख 87 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 25.09.2023 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विश्वनाथ उर्फ विष्णु निवासी मो0 चाहबाई थाना प्रेमनगर जनपद बरेली, मूलपता रजऊ परसपुर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–चोरी के 01 लाख 87 हजार रूपये नगद।

## जनपद फतेहपुर/थाना कोतवाली

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 11 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 01.10.2023 को थाना कोतवाली, थाना राधानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भिटौरी बाइपास धर्मकांटा के पास से अभियुक्त अशोक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 11 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया थाना कोतवाली एवं थाना राधानगर पर पंजीकृत चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अशोक निवासी बाकरगंज बेलदरइया थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर।

**बारमदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–चोरी के 11 हजार 500 रूपये नगद।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना दादरी**

- **पुलिस कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **50 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 30.09.2023 को थाना दादरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोट नहर के पास पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त 1–अरविन्द उर्फ मोनू 2–अनिकेत को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर अभियुक्त 3–कुशलपाल उर्फ लूरे 4–जितेन्द्र उर्फ जित्तू 5–पुष्पेन्द्र 6–कपिल कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 50 हजार रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.09.2023 को थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना दादरी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना दादरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरविन्द उर्फ मोनू निवासी गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ छावनी जनपद हापुड़।

2–अनिकेत निवासी गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ छावनी जनपद हापुड़।

3–कुशलपाल उर्फ लूरे निवासी उपरालसी थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

4–जितेन्द्र उर्फ जित्तू निवासी उपरालसी थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

5–पुष्पेन्द्र निवासी उपरालसी थाना जारचा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, हालपता सरस्वती विहार कॉलोनी दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

6–कपिल कुमार निवासी गोहरा आलमगीरपुर थाना बाबूगढ छावनी जनपद हापुड़, हालपता सरस्वती विहार कॉलोनी दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–50 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्ट्सगंज**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 18 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपया, 02 मोबाइल फोन**
- **01 कंटेनर बरामद**

दिनांक 01.10.2023 को थाना रॉबर्ट्संगज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाराणसी–शक्तिनगर मुख्य मार्ग से 02 अभियुक्तों 1–हिमांशु 2–कमल को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 18 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा, नगद रूपया, 02 मोबाइल फोन, 01 कंटेनर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्संगज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–हिमांशु निवासी घीर थाना कुंजपुरा जनपद करनाल हरियाणा।

2–कमल निवासी नँगला थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 18 लाख रूपये कीमत के 01 कुन्तल 75 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपया, 02 मोबाइल फोन।

3–01 कंटेनर।

———————